अंतिम संस्कार के लिए दर-दर भटकते उदय सागर के ग्रामीण

नवभारत न्यूज

कोठी 13 जुलाई, ग्राम पंचायत उदय सागर के निवासी आशीष कोल ने बताया कि दबंगो एवं भूमाफियाओं की वजह से गांव में अगर कोई गरीब व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो उसे अंतिम संस्कार करने के लिए कहीं जगह तक मुनासिब नहीं होती है क्योंकि जो सरकारी जमीन है उस पर दबंगों ने अतिक्रमण और कब्जा कर लिया और बारी लगाकर रास्ता भी अवरोध कर दिया गया है.

ग्राम पंचायत में कोई मुक्तिधाम तो है नहीं परंतु पहले जहां ग्रामीण जन अग्नि संस्कार करते चले आ रहे थे अब वह आराजी निजी व्यक्ति के हाथ में जा चुकी है और वह बिक्री की जा चुकी है क्योंकि वह राजाओं की जमीन थी जिसके बाद उक्त व्यक्ति द्वारा यहां पर अग्नि संस्कार करने के लिए मना किया जाने लगा है। इसके बाद ग्रामीणों की हालत और बुरी हो गई और अग्नि संस्कार करने के लिए उन्हें दर-दर भटकना पड़ा वह तो गनीमत थी की बरसात नहीं हुई और तार बारी तोड़कर उसी स्थान पर उसका अग्नि संस्कार किया गया जहां पर पहले करते चले आ रहे थे हालांकि वह आराजी निजी है और उक्त व्यक्ति द्वारा मना भी किया गया है परंतु मजबूरी में अग्नि संस्कार ग्रामीणों ने किया । बताया गया कि उदय सागर निवासी सुक्खी वर्मा पति स्वर्गीय मुनिया वर्मा की पिछली शाम मृत्यु हो गई थी जिसके बाद आज सोमवार को उसका अग्नि संस्कार होना था जगह न होने की वजह से काफी परेशानी हुई वह तो किसी प्रकार लोगों ने हिम्मत करके उसका अग्नि संस्कार रास्ते में लगी तार बारियों को तोड़कर मना किए जाने के बाद भी कर दिया क्योंकि जिस व्यक्ति ने उसे आराजी को खरीदा है वह अभी वहां पर मौके में मौजूद नहीं था और बाहर था ऐसा ग्रामीणों ने जानकारी उपलब्ध कराई, जबकि सरकारी जमीन दो एकड़ से अधिक पड़ी हुई है परंतु अतिक्रमणकारियों की भेंट चढ़ चुकी है और इस पर कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति दिलचस्पी नहीं दिखा रहा जिससे ग्रामीण जनों को काफी परेशानी होती है विशेष कर गरीब तबके के लोगों को जो अग्नि संस्कार के लिए प्रयागराज नहीं जा सकते हैं।

पिछले वर्ष भी आई थी समस्या, प्रशासन को करना पड़ा था हस्तक्षेप

ग्रामीणों ने बताया कि सुक्खी वर्मा के पति मुनिया वर्मा का स्वर्गवास पिछले साल अगस्त महीने में हुआ था तब भी उनके अग्नि संस्कार करने में काफी समस्या आई थी और उनका भी अग्नि संस्कार इसी स्थान पर किया गया था जहां पर अभी उनकी पत्नी का किया गया है परंतु तब वह व्यक्ति मौके पर मौजूद था जिसने यह आराजी खरीदी थी और वह अग्नि संस्कार नहीं करने दे रहा था जिसके बाद कोठी का प्रशासन मौके पर पहुंचकर किसी प्रकार से समझाइस देकर एक बार अग्नि संस्कार करने के लिए अनुरोध किया था और कहा गया था कि हम मुक्तिधाम के लिए जमीन की व्यवस्था कर देंगे परंतु उसके बाद आज तक किसी भी जिम्मेदार शख्स ने इस ओर ध्यान नहीं दिया जिससे हालात और गंभीर हो गये है आगे चलकर यह समस्या और भयावह होगी क्योंकि जहां पर अभी लोग अग्नि संस्कार कर रहे हैं वह निजी जमीन हो चुकी है और प्रशासन द्वारा अभी तक कोई जमीन की व्यवस्था मुक्तिधाम के लिए नहीं की गई जो एक गंभीर समस्या है इसके निदान के लिए ग्रामीणों ने कई बार सीएम हेल्पलाइन जनपद सीईओ एवं तहसील कोठी के साथ-साथ कलेक्टर सतना के पास जाकर अपना निवेदन करते हुए पत्र सौंप कर समस्या का समाधान किए जाने के लिए कई प्रयास किए गए हैं परंतु आज तक उनकी समस्या ज्यों कि त्यों बनी हुई है ।

महिला मंडल ने नव निर्मित पार्क में किया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

उचेहरा 13 जुलाई, बरुआ नदी के समीप नगर परिषद द्वारा निर्माणधीन पार्क में ताम्रकार समाज की महिला मंडल अध्यक्ष की अगुवाई में एक पेंड़ मां के नाम का संकल्प दोहराते करीब 50 पौधों का रोपण किया गया.

उनकी सुरक्षा का संकल्प लेते जनजागरूकता का संदेश देते कहा गया कि हरियाली से जहां मन प्रसन्न रहता है वहीं पर्यावरण की सुरक्षा भी होती है।

पौधरोपण करने मे प्रमुख रूप से ताम्रकार समाज नगर अध्यक्ष अंजना ताम्रकार, रेनू ताम्रकार, ममता ताम्रकार, ललिता ताम्रकार, द्रोपती ताम्रकार, मीनू ताम्रकार, रजनी ताम्रकार, सुमित्रा ताम्रकार, पुष्पलता ताम्रकार, रागनी ताम्रकार तृप्ती ताम्रकार सहित महिला मंडल की अन्य सदस्य उपस्थित रही ।

टोप्पो सर का स्थानांतरण , स्टाफ ने नम आंखों से दी विदाई

नवभारत न्यूज

नागौद 13 जुलाई, वीरांगना अवंती बाई लोधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरवारा में एक दशक से अधिक सेवाएं देने वाले प्राचार्य सवियाल टोप्पो सर का स्थानांतरण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या धवारी के लिए हो गया।

सवियाल टोप्पो सर को उत्कृष्ट प्रशासनिक एवं छात्र हितैषी ईमानदार प्राचार्य के रूप में देखा जाता है। विद्यालय के रिजल्ट सुधार और भौतिक सुधार के लिए मानो कमर कस रखी थी। ग्रामीण कहते हैं कि समय पर पहुंचना और विद्यालय की छुट्टी होने के घंटों बाद जाना उनकी दिनचर्या में था।

स्थानांतरण के उपलक्ष्य में विद्यालय से विदाई का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें संकुल अंतर्गत सभी शिक्षकों की उपस्थिति रही। इस दौरान ऐसा कोई अध्यापक नहीं था जिसकी आँखें नम नहीं थी। भावावेश ऐसा था कि कोई भी अध्यापक अपना पूरा वक्तव्य नहीं कर पाया।

इस दौरान प्राचार्य महोदय ने कहा कि मैंने हमेशा अपने कार्य से स्नेह किया है और ईमानदारी से उसे पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, यही मै समस्त स्टाफ से कहता हूं कि आप जब अपने काम के प्रति ईमानदार हो जाते हैं तो लगाव अपने आप हो जाता है। विदाई के दौरान गांव के वरिष्ठ जनों की भी उपस्थित रही।

मरणोपरांत पद्मश्री स्व . डॉ .बी के जैन लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

दुनिया से अलविदा के बाद भी देश दुनिया में विंध्य का नाम किया रोशन

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 13 जुलाई, परम हंस संत रणछोड़ दास जी द्वारा स्थापित विश्व ख्यातिलब्ध सदगुरू नेत्र चिकित्सालय जानकी कुण्ड के ट्रस्टी एवं निदेशक रहे पद्मश्री स्व डॉ बी के जैन को वीजन 2020 द राइट टू साइट इंडिया द्वारा शंकरा आई हॉस्पिटल बैगलोर में लाइफ टाइम अचीवमेट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में दृष्टिहीनता की रोकथाम और नेत्रदान के महत्त्व पर प्रकाश डालना था, इस कार्यक्रम में देश विदेश की लगभग 180 हस्तह के अधिकारी और कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। यह अवॉर्ड स्व. पद्मश्री डॉ जैन को उनकी नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में देश में नहीं अपितु विश्व में अपनी और श्री सदगुरू नेत्र चिकित्सालय की जो अलग पहचान बनाई है और साथ ही उन्होंने जो नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में पांच दशकों से ऊपर अथक परिश्रम करके जो नाम कमाया है उसके लिए उन्हें इस अवॉर्ड से नवाजा गया है। स्व. डॉ .जैन के न रहने पर यह अवॉर्ड उनके सुपुत्र एवं सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के निदेशक एवं ट्रस्टी डॉ. इलेश जैन को दिया गया। डॉ . जैन ने 27 फरवरी 2026 को दुनिया को अलविदा कह दिया था, उनके जीवन काल में उन्हें पद्मश्री से लेकर सैकड़ों पुरस्कारों से देश विदेश में सम्मानित किया गया है। उनके दुनिया को अलविदा कहने के बाद भी आज उनको इस लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है ,अर्थात जो उन्होंने विश्व पटल पर समूचे विंध्य का नाम रोशन किया वह समस्त विंध्यवासियों के साथ साथ समस्त चित्रकूट क्षेत्रवासियों के लिए एवं समस्त सदुरु परिवार के सदस्यों के लिए बड़े ही हर्ष एवं गर्व की बात है। वही डॉ इलेश जैन ने बड़े ही भावुक मन से बात चीत के दौरान बताया कि उनके न रहने के बाद आज उन्हें इतने बड़े अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है जो बहुत ही भावुक पल है। उन्होंने बताया कि जब यह अवॉर्ड दिया गया उस समय कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों की आँखें नम थी, और वहां मौजूद सभी लोगों ने स्व. पद्मश्री डॉ बी के जैन साहब को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने बताया कि अब हर वर्ष वीजन 2020 में स्व. डॉ जैन के नाम अवार्ड से भी लोगों को सम्मानित किया जाएगा। जिसका नाम होगा पद्मश्री डॉ बी के जैन मेमोरियल अवॉर्ड फॉर एक्सलेंस इन कम्युनिटी आई फेयर। (पद्मश्री डॉ बी के जैन स्मृति सामुदायिक नेत्र सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार) यह अवॉर्ड उन लोगों को मिलेगा जो ग्रामीण अंचल में ,गरीब असहाय,वंचित समुदायों तक गुणवत्तापूर्ण नेत्र सेवा पहचाने में असाधारण नेतृत्व ,नवाचार और समर्पण का परिचय देगा। अंत में उन्होंने कहा कि स्व. डॉ जैन पुरस्कारों से सफलता का आंकलन नहीं करते थे उनके लिए वास्तविक सफलता मरीजों की मुस्कान से थी उन्होंने यह अवॉर्ड सभी नेत्र रोगियों एवं सभी देश विंध्य वासियों एवं सदगुरु परिवार के एक एक सदस्य को समर्पित किया है।

पदोन्नति

नागौद थाने में पदस्थ आरक्षक अनिल वर्मा बनाएं गए प्रधान आरक्षक थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय ने फित्ती लगाकर नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएं दी।

बच्चों को अध्ययन सामग्री का किया वितरण

▶ शिक्षा को बढ़ावा देने सरकारी स्कूलों के छात्रों दी गई सामग्री

नवभारत न्यूज

कोटर 13 जुलाई, शिक्षा को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज नवज्योति विद्या मंदिर अबेर के संचालक रवि कुमार कुशवाहा द्वारा क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को कॉपी,स्लेट,पेंसिल,कटर एवं रबर का नि:शुल्क वितरण किया गया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक गोकुल सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा अनुशासन का पालन करने के लिए प्रेरित किया।नव ज्योति विद्या मंदिर अबेर के संचालक रवि कुमार कुशवाहा ने कहा कि बच्चों की शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। छोटे-छोटे सहयोग भी विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने इस प्रेरणादायक पहल के लिए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय एवं समाज हितैषी प्रयास बताया।

नव नियुक्त जिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने वरिष्ठ जनों से भेंट कर जताया आभार

नवभारत न्यूज

अमरपाटन 13 जुलाई, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी मध्य प्रदेश द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी मैहर के नवनियुक्त पदाधिकारी ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धर्मेश घई रोमी भैया ,पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष विधायक अमरपाटन डॉ राजेंद्र कुमार सिंह पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी सतना अध्यक्ष दिलीप मिश्रा से सौज्जन भेंट कर नए दायित्व का आभार धन्यवाद व्यक्त किया जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मनसुख चौरसिया महासचिव विमलेश मिश्रा, सचिव महिपाल सिंह तिवारी, महासचिव देवेंद्र त्रिपाठी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विनय चौरसिया, अवनीश तिवारी, संजय सोनी, अशोक गुप्ता आदि लोग रहे उपस्थित रहे.

असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को पीएम श्रम योगी मानधन योजना का लाभ पहुंचायें : डॉ .सतीश

▶ समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर के निर्देश

नवभारत न्यूज

सतना 13 जुलाइ, कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के अधिक से अधिक श्रमिकों को कर्मकार कल्याण मंडल की पीएम श्रम योगी मानधन योजना और बीमा योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में राजस्व विभाग की लंबित शिकायतों के लिए सभी एसडीएम को पटवारियों की बैठक में नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने नर्मदा घाटी विकास, राष्ट्रीय राजमार्ग, पावर ट्रांसमिशन, जल निगम, पीएचई, पीआईयू की विकास योजनाओं की समीक्षा और समन्वय के मुद्दों पर चर्चा की। इस मौके पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह, एसडीएम जितेंद्र वर्मा, सुमेश द्विवेदी, सुभाष मिश्रा, एलआर जांगड़े डिप्टी, कलेक्टर संदीप परस्ते सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि सीईओ जनपद, नगरीय निकाय के सीएमओ, श्रम विभाग तथा स्टेक होल्डर विभागों के अधिकारी असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए महत्वपूर्ण पेंशन योजना, पीएम श्री योगी मानधन योजना में अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कराये। उन्होंने कहा कि श्रमिक कल्याण के लिए संचालित कर्मकार मंडल की कल्याणकारी योजनाओं सहित बीमा योजनाओं का लाभ भी इन हितग्राहियों को दिलाये। आयुष्मान कार्ड तैयार करने और वय वंदन योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

शहरी तहसील की कमजोर प्रगति पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त की

राजस्व विभाग की तहसीलवार समीक्षा में सतना शहरी तहसील की कमजोर प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम सप्ताह में एक दिन पटवारियों के साथ बैठक कर फार्मर रजिस्ट्री, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा सहित राजस्व की सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर नियमित रूप से समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि कार्य में रुचि नहीं लेने वाले और कमजोर प्रगति वाले पटवारियों पर कार्यवाही भी करें। कलेक्टर ने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण समिति की बैठक गुरुवार को जिला स्तर पर होगी।

खरीफ फसलों के बीज वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई राज्यमंत्री

नवभारत न्यूज

सतना 13 जुलाई, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सोमवार को जनपद पंचायत सोहावल में खरीफफसलों के बीज वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा किसानों को खरीफफसल के लिए उन्नत एवं गुणवत्तापूर्ण बीजों का वितरण किया गया।

सोहावल में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि उन्नत बीजों के उपयोग से उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय में सुधार आएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में कृषि उत्पादन को बढ़ावा देना, किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना रहा।

बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा क़ी गांव-गांव यात्रा का जिले में होगा समापन

▶ पृथक बुंदेलखंड राज्य के लिए राजा बुंदेला के नेतृत्व में ललितपुर से शुरू हुई थी यात्रा

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 13 जुलाई, पृथक बुंदेलखंड राज्य के लिए ललितपुर जिले से शुरू हुई बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा क़ी गाँव .पाँव यात्रा का समापन चित्रकूट में होगा बुंदेली सेना नें राजा बुंदेला के नेतृत्व में चलने वाली इस यात्रा क़ी जोरशोर से तैयारियां शुरू कर दी हैं स यह यात्रा जिले के एक दर्जन से ज्यादा गाँवए ब्लाक और तहसील स्तर पर पहुंचकर जनसमर्थन जुटायेगी.

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह नें बताया कि पृथक बुंदेलखंड राज्य क़ी आवाज उठाने वाले लगभग 18 संगठनों को एक करके संयुक्त मोर्चा का गठन किया गया है संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष राजा बुंदेला बनाये गए हैं इसी संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में गाँव .गाँव पाँव .पाँव यात्रा क़ी शुरुआत 12 अक्टूबर वर्ष 2024 में ललितपुर जिले के तुवन मंदिर से हुई थी पूरे बुंदेलखंड का दौरा करके अब अंतिम चरण में यात्रा चित्रकूट आ रही है लगभग एक सप्ताह क़ी यह यात्रा जुलाई के अंतिम सप्ताह में गाँवों क़ी ओर जायेगी राजा बुंदेला दशकों से पृथक बुंदेलखंड राज्य क़ी लड़ाई लड़ रहे हैं जनता का व्यापक जनसमर्थन जुटाना इस यात्रा का मूल लक्ष्य है यात्रा क़ी तैयारियां बुंदेली सेना नें शुरू कर दी हैं संतों व्यापारियों किसानों युवाओं और विभिन्न संगठनों से इस अराजनैतिक लड़ाई में साथ आने क़ी अपील क़ी जा रही है.

कोबरा पकड़ने वाले हाथों से गड़ा धन का फर्जीवाड़ा !

मैहर का चर्चित स्नेक मैन पर देवेंद्र नगर (पन्ना) पुलिस ने कसा था शिकंजा, अजमेर तक फैला था ठगी का जाल

नवभारत न्यूज

मैहर 13 जुलाई, जहरीले सांपों को पकड़कर सुर्खियां बटोरने वाला और वन विभाग के साथ मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल रहने वाला मैहर के बेरमा थाना कोतवाली क्षेत्र निवासी गफ्फार खान पिता रज्जाक खान, उम्र 46 असल में गड़ा धन निकालने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का सदस्य निकला।

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में देवेंद्रनगर थाना पुलिस ने इस मामले में गफ्फार खान सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि गफ्फार खान पन्ना जिले की देवेंद्र नगर थाना पुलिस ने जेल की सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है और जमानत पर छूटने के बाद उसने समाज सेवा व सर्प रेस्क्यू का चोला ओढ़कर अपनी छवि सुधारने का प्रयास किया, जिससे वह क्षेत्र में फिर से भरोसेमंद चेहरे के रूप में लोगों को गुमराह कर रहा है।

क्या हैं मामला-देवेंद्र नगर थाना पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, फरियादी आनंद सिंह घोषी पिता शिव सिंह घोषी, उम्र 26, निवासी ग्राम सकरिया थाना देवेंद्रनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तीन व्यक्तियों ने झारखंडन माता मंदिर क्षेत्र में गड़ा धन (सोना) होने का झांसा देकर पूजा-पाठ, तंत्र-मंत्र व गुप्त दान के नाम पर डराया कि पूजा न कराने पर अनहोनी हो सकती है। आरोप है कि आरोपियों ने फरियादी की अंधश्रद्धा का फायदा उठाकर उसे व उसके साथियों को विभिन्न चरणों में मैहर और अजमेर (राजस्थान) ले जाकर पूजा, गुप्त दान व अन्य खर्चों के नाम पर कुल 6 लाख 81 हजार रुपए की धोखाधड़ी की। 29-30 जनवरी 2026 को आरोपियों ने अजमेर शरीफ दरगाह व पुष्कर ले जाकर गुप्त दान कराने का नाटक किया, इसके बाद झारखंडन माता मंदिर क्षेत्र पर गड़ा धन(सोना)निकालने के बहाने फरियादी व उसके साथियों को धोखे में रखकर मौके से फरार हो गए।

दर्ज हुआ मामला

फरियादी की रिपोर्ट पर थाना देवेंद्रनगर में अपराध क्रमांक 51/26 के तहत बीएनएस की धारा 318(4) में प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी उनि संतोष यादव द्वारा घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दिए जाने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना चौहान एवं एसडीओपी पन्ना एस .पी . सिंह बघेल के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। मुखबिर तंत्र सक्रिय करने पर 1 फरवरी को तीनों आरोपियों गफ्फार खान, नसीम खान पिता हबीब खान, उम्र 60, निवासी इमाम चौक मैहर और राहुल कुशवाहा पिता रामलाल कुशवाहा, उम्र 26, निवासी जीतनगर बरही मैहर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया।